nt>

Title: Need for early completion of Rajghat Project with a view to solve acute drinking water problem in Sagar Nagar, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर का मुख्यालय सागर नगर संभागीय मुख्यालय होने के साथ ही शिक्षा का भी बड़ा केन्द्र है। सागर नगर पिछले 10-15 वर्षों से पेयजल की समस्या का सामना कर रहा है, जिससे लोगों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ती है। नगर की पेयजल समस्या का निराकरण करने हेतु बनाई गई राजघाट परियोजना धनराशि उपलब्ध नहीं होने से अभी तक पूर्ण नहीं हो सकी है।

अभी दिसम्बर माह में ही यह स्थिति बनी हुई है कि चार दिन में एक दिन नल से पानी दिया जाता है। कहीं-कहीं कुछ वार्डों में छः दिन में एक ही दिन नलों से पानी पहुंच रहा है, जिससे जनता काफी परेशान हो रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सागर नगर की पेयजल समस्या का स्थायी हल करने हेतु राजघाट परियोजना को पूर्ण करने के लिए हुडको, नावार्ड से धनराशि दिलाकर इसको शीघ्र ही पूर्ण कराया जाए, जिससे नगर की जनता को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके ।